उल्टा पुल्टा

सोनू : यार मेरी बीवी गुस्सा बहुत करती है
मोनू : मेरी भी पहले करती थी, अब नहीं करती,
सोनू : तुमने क्या इलाज किया?
मोनू : एक दिन गुस्से में थी, मैंने कह दिया कि बुढ़ापे में गुस्सा आ ही जाता है, बस वो दिन है और आज का दिन है, तेज आवाज में भी बात नहीं करती।

# कैपिटल ज़ोन

## दिल्ली नगर निगम की ट्रेन के माध्यम से करेगी एंटी लार्वा दवाई का छिड़काव

### मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने आज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से 'मॉसक्विटो टर्मिनेटर ट्रेन' को रवाना किया

**नई दिल्ली,**18 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने आज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से 'मॉसक्विटो टर्मिनेटर ट्रेन' को रवाना किया। दिल्ली नगर निगम की ओर से ट्रेन में पावर स्प्रेयर युक्त ट्रक रवाना किए गए हैं। इसके जरिए दिल्ली और उसके आस-पास रेल पटरी के दोनों ओर 50-60 मीटर क्षेत्र में एंटी लार्वा दवाई का छिड़काव किया जाएगा। एमसीडी ने बड़ी मात्रा में छिड़काव करने के लिए पावर स्प्रेयर ट्रक और छिड़काव के लिए दवा दी है। इसके जरिए चिकनगुनिया और डेंगू पर नियंत्रण करने की कोशिश की जा रही है।

इस अवसर पर मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली नगर निगम और उत्तर रेलवे के संयुक्त प्रयास से रेल पटरियों के निकट मच्छरों पर काबू पाने के लिए दवाई का छिड़काव किया जायेगा। इस एहतियाती कदम से हजारों लोगों को डेंगू और चिकनगुनिया समेत मच्छर जनित रोगों से बचाया जा सकेगा। इससे न केवल



लार्वा खत्म होगा बल्कि मच्छरों का सफाया भी होगा। रेल पटरियों के आस-पास अक्सर पानी जमा रहता है, जिनमें लार्वा उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती है। दिल्ली नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराये गए ट्रक पर विशाल पावर स्प्रेयर को रेलवे के एक वेगन डीबीकेएम पर रखा गया है। जिसकी सतह नीची और उस पर आसानी से ट्रक रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम को रेलवे ट्रैक के आसपास के क्षेत्रों में छिड़काव करने में दिक्कत होती थी। ऐसे में रेल की मदद से ट्रैक के आसपास के क्षेत्र में दवाई का छिड़काव किया जाएगा। सीएम अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर यह अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान सितंबर तक चलेगा। आम आदमी पार्टी की सरकार वह हर कदम उठाएगी, जिससे दिल्ली की जनता को राहत मिल सके।

डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने कहा कि यह ट्रेन उन स्थानों पर भी कीटनाशक का छिड़काव करेगी, जहां वर्षा के कारण पटरी के दोनों ओर गड्ढों में पानी भर जाता है और मच्छरों के प्रजनन की आशंका बढ़ जाती है। इस प्रयास से निश्चित ही मच्छर जनित बीमारियों के खिलाफ लड़ाई में मदद मिलेगी। नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि टर्मिनेटर ट्रेन के माध्यम से स्प्रे से लार्वा खत्म करने और मच्छरों को खत्म करने में मदद मिलेगी।

अतिरिक्त डीआरएम विक्रम राणा ने कहा कि यह पहल निगम और रेलवे के बीच सहयोग और जनहित की दिशा में एक अनूठा उदाहरण है। उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल ने अपने सामाजिक दायित्व के अंतर्गत जन स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इस दौरान दिल्ली नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त सुनील भादू, निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लल्लन राम वर्मा सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### मेयर ने मेगा सफ़ाई अभियान के अंतर्गत पश्चिमी जोन के तिलक नगर वार्ड का किया दौरा

**नई दिल्ली**। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने मेगा सफाई अभियान 'अब दिल्ली होगी साफ' के तहत तिलक नगर वार्ड में निरीक्षण किया। मेयर ने स्थानीय विधायक जरनैल सिंह व पार्षद अशोक मानू के साथ झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और सफ़ाई कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'अब दिल्ली होगी साफ' अभियान के छठें दिन भी सभी 250 वार्डों में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण कार्य किए गए हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली को कूड़ा मुक्त करने के लिए 'अब दिल्ली होगी साफ' पहल के अंतर्गत मेयर डॉ शैली ओबरॉय स्वयं ग्राउंड ज़ीरो पर जाकर रोजाना वार्डों का औचक निरीक्षण कर रहीं है। मेयर ने मेगा सफाई अभियान के अंतर्गत पश्चिमी जोन के तिलक नगर वार्ड में सफ़ाई व्यवस्था का जायज़ा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये की क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सड़कों के किनारे खड़े पुराने वाहनों को हटाकर साफ सफाई कराई जाए। सीएंडडी वेस्ट उठाया जाये। साथ ही वार्ड की गलियों की साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि सड़कों के किनारों पर कूड़े का ढेर न लगा हो।

## उत्तर रेलवे द्वारा सद्भावना दिवस-2023 का आयोजन



**नई दिल्ली,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। भारत के सभी धर्मों के बीच सामुदायिक समरसता, राष्ट्रीय एकता, शांति, प्यार और लगाव को लोगों में बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष, 20 अगस्त को सदभावना दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में आज उत्तर रेलवे ने प्रधान कार्यालय, बडौदा हाउस, नई दिल्ली में सदभावना दिवस-2023 का आयोजन किया। शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने रेलकर्मियों को सदभावना दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री चौधुरी ने कहा कि जाति, क्षेत्र, धर्म और भाषा को बिना ध्यान दिये भारत के सभी लोगो को भावनात्मक एकात्मकता और सदभावना के लिए कार्य करना, देश की प्रगति के लिए अति महत्वपूर्ण है। इस सब को हिंसा के बिना, संवैधानिक साधनों और बातचीत के द्वारा सच्चे मन से दूरियों को मिटाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।

## आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी के दबाव में शुरू किया है स्वछता अभियान: राजा इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,**18 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इक़बाल सिंह ने शुक्रवार को कहा कि आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी के दबाव के बाद स्वछता अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में सफ़ाई व्यवस्था को लेकर लगातार आम आदमी पार्टी की विफलता की पोल खोल रही थी, जिसके कारण आम आदमी पार्टी को आनन फ़ानन में स्वच्छता अभियान प्रारंभ करना पड़ा। उन्होंने बताया कि ये स्वच्छता अभियान सफ़ाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की



मूल भावना से हटकर फ़ोटो खिंचवाने तक सीमित रह गया है। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने निगम में सत्ता संभालते ही निगम विद्यालयों से गुड टच बैड टच काउंसलिंग को ख़त्म कर दिया था। भाजपा के विरोध के बाद आम आदमी पार्टी को निगम विद्यालयों में फिर से गुड टच बैड टच काउंसलिंग प्रारंभ करनी पड़ी है। उन्होंने बताया कि गुड टच बैड टच काउंसझिलंग निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जिससे बच्चों के ख़िलाफ़ होने वाले शोषण को रोका जा सकता है। अब आप अंदाज़ा लगा सकते हैं कि आम आदमी पार्टी किस मानसिकता की पार्टी है जिसने निगम विद्यालयों से इस प्रकार की काउंसलिंग को बंद करवाने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि दिल्ली कमीशन फॉर प्रोटक्शन ऑफ़ चाइल्ड राइट्स डीसीपीसीआर ने भी निगम प्रशासन को निगम विद्यालयों में फिर से काउंसलिंग प्रारंभ करने व इस संबंध में उचित क़दम उठाने के निर्देश दिए हैं।

## कृषि व पशुपालन में परंपरागत तरीकों से ही गांवों की समृद्धिः रूपाला

### पराली की समस्या से निपटने के लिए सीएलएफएमए से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली,**18 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला ने कहा है कि कृषि और पशुपालन में आधुनिक और परंपरागत तरीकों को साथ लेकर चलने की जरूरत है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को ज्यादा से ज्यादा समृद्ध किया जा सके। केंद्रीय मंत्री शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित सीएलएफएमए ऑफ इंडिया (क्लेफमा) के 64वें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सीएलएफएमए के प्रयासों की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के मंथन में ऐसी बातें निकलनी चाहिए, जो सरकार को पॉलिसी बनाने में मदद करें। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री पशुपालकों के हित पर लगातार काम कर रहे हैं। यही वजह है कि मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी को अलग मंत्रालय का दर्जा दिया है और इस वजह से इसमें बदलाव दिख रहा है। मंत्री ने कहा कि जैविक खाद की बजाय रासायनिक खादों के उपयोग से जमीनें बंजर हो रही हैं। इसलिए हमें ऐसे प्रयोगों से बचना होगा। इससे पहले मुख्य अतिथि के रूप में



केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान लाइवस्टाक सर्वे रिपोर्ट 2023 का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के संयोजक और सीएलएफएमए ऑफ इंडिया के डिप्टी चेयरमैन दिव्य कुमार गुलाटी ने अतिथियों का स्वागत किया और सीएलएफएमए के चेयरमैन सुरेश देवड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएलएफएमए की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सीएलएफएमए ने गोदरेज इंडस्ट्री के चेयरमैन नादिर बी गोदरेज और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी तरुन श्रीधर को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया।

## 31 अगस्त से होगा टैक्सटाइल्स फेयर एशियाटेक्स-2023 का आयोजन

**नई दिल्ली,**18 अगस्त (देशबन्धु)। एशियाटैक्स -2023 नामक टेक्सटाइल ट्रेड फेयर 31 अगस्त से 2 सितंबर 2023 के दौरान बीकेसी के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा। 3 दिन का यह बी2बी फेयर होगा,जो एशियाटैक्स का पांचवा संस्करण होगा। हिंदुस्तान चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रमुख शिखरचंद जैन ने कहा कि चेंबर के 125 वर्ष पूरे होने से इस फेयर में 125 विशालकाय स्टॉल होंगे। यह स्टाल 904 वर्ग फीट से 97 वर्ग फीट के होंगे। ज्यादातर प्रदर्शक मुंबई, भिवंडी, सूरत, इचलकरंजी, भीलवाड़ा, अहमदाबाद और अन्य टेक्सटाइल हब के होंगे।15,000 से अधिक ट्रेड विजिटरों के फेयर को विजिट करने की धारणा है।


**संशोधन सूचना**

**दैनिक देशबंधु में नगर पालिका परिषद् महासमुंद द्वारा जारी निविदा क्रमांक 1167 दिनांक 29.07.2023 को प्रकाशित की गई थी। जिसमें त्रुटि पूर्वक निविदा दिनांक 28.07.2023 के स्थान पर 28.02.2023 प्रकाशित हो गया है। जिसे सुधार कर 28.07.2023 पढ़ा जावें।**

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-पतवारी की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-पी.ए.टी.01675, भूखण्ड संख्या-67, पाकेट-ए, क्षेत्रफल-480 वर्ग मीटर श्री धर्मवीर पुत्र श्री विद्याराम व श्रीमती बाला देवी पत्नी श्री धर्मवीर, निवासी-ग्राम-चिरोडी, जिला-गाजियाबाद, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री धर्मवीर पुत्र श्री विद्याराम की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री विनीत सिंह उर्फ विनीत सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर सिंह, श्री बाला सिंह पत्नी स्व० श्री धर्मवीर सिंह, श्रीमती नीतू सिंह (विवाहित), श्रीमती सीतू सिंह (विवाहित), श्रीमती रीतू सिंह (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री धर्मवीर सिंह, निवासी-ग्राम-पतवारी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री विनीत सिंह उर्फ विनीत सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर सिंह, निवासी-ग्राम-पतवारी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये हैं। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री विनीत सिंह उर्फ विनीत सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर सिंह, निवासी-ग्राम-पतवारी, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सह आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण


## टेक्सटाइल इंडस्ट्री सोलर पावर सॉल्यूशन से कार्बन कम कर सकती हैः लूम सोलर

**नई दिल्ली,**18 अगस्त (देशबन्धु)। भारत के नेट जीरो मिशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लूम सोलर फैशन क्लॉथ मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्रियल यूनिट और टेक्सटाइल इंडस्ट्री को शिक्षित एवं जागरूक करने का काम कर रहा है, ताकि कार्बन फुटप्रिंट को कम किया जा सके। इस एजेंडे पर अगर सही ढंग से काम किया जाए तो लगभग 4.5 मिट्रिक टन कार्बन कम किया जा सकता है, जो 7 अरब पेड़ों के बराबर है। इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए, लूम सोलर के मार्केटिंग हेड, निशी चंद्रा ने कहा की इंडस्ट्री की ओर से सौर ऊर्जा को स्वीकारना और उसका उपयोग करना उत्साहजनक है। उन्होंने कहा कि जो औद्योगिक इकाइयां सौर ऊर्जा की तरफ कदम बढ़ा रही है वो वातावरण सरंक्षण में सीधे तौर पर अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि हम उन सभी उद्योगों का स्वागत करते हैं कि जो नीति के डर से नहीं बल्कि पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए सौर ऊर्जा अपना रहे हैं।

## विकास पथ पर आगे बढ़ने के लिए महिलाओं की भागीदारी जरूरी हैः स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली,**18 अगस्त (देशबन्धु)। विकास पथ पर आगे बढ़ने के लिए महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। ये बातें केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने राइजिंग इंडिया-शी शक्ति कॉन्क्लेव को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि महिला नेतृत्व वाला विकास केवल एक वाक्यांश नहीं है, यह एक बदलाव है। हमारे देश में महिलाओं को हमेशा लाभार्थियों के रूप में देखा जाता था। विकास पथ पर आगे बढ़ने के लिए महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। स्मृति ईरानी ने कहा कि हम अपने देश के



इतिहास में एक ऐसे समय में हैं जहां हम अपनी बेहतरी के लिए नए क्षेत्रों में नई उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। इस अवसर को व्यर्थ गंवाना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा की न्यूज18 का राइजिंग इंडिया-शी शक्ति एक आंदोलन है जो महिलाओं को सशक्त बना रहा है और महिलाओं को निरंतर प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यह समाज के सभी पहलुओं में लैंगिक समानता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2005-06 में कांग्रेस सरकार को पता था कि महिलाओं के साथ भेदभाव हो रहा है परंतु फिर भी इस विषय में सोचा नहीं गया। 2014 से पहले कई लोग कहते थे कि महिलाएं व्यवसाय शुरू नहीं कर सकती हैं लेकिन अब मुद्रा ने महिलााओं के लिए व्यवसाय को संभव बना दिया है।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-घंघोला की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-जी.एच.ए.एन.01209, भूखण्ड संख्या-188, क्षेत्रफल-360 वर्ग मीटर सर्वश्री धर्मवीर, संतराम, किशन सिंह, विजय पाल, ओम प्रकाश, सुन्दर, आसे, वेगराज पुत्रगण श्री मंगत व श्रीमती रामवती पत्नी श्री मंगत, निवासी ग्राम-घंघोला, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहः आवंटी श्री धर्मवीर पुत्र श्री मंगत, श्रीमती रामवती पत्नी श्री मंगत की मृत्यु के उपरांत इनके वारिस सर्वश्री संतराम, किशन सिंह, विजय पाल, ओम प्रकाश, सुन्दर, आसे, वेगराज पुत्रगण स्व० श्री मंगत, व श्रीमती सरमिला पत्नी स्व0 श्री धर्मवीर, श्री सोनू पुत्र पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर, श्रीमती सन्तोष (विवाहित), श्रीमती धर्मवती (विवाहित), श्रीमती किरन (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री मंगत, श्रीमती राखी (विवाहित), श्रीमती पायल (विवाहित) श्रीमती प्राची (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री धर्मवीर, निवासी-ग्राम-घंघोला, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री संतराम, किशन सिंह, विजय पाल, ओम प्रकाश, सुन्दर, आसे, वेगराज पुत्रगण स्व० श्री मंगत, व श्रीमती सरमिला पत्नी स्व0 श्री धर्मवीर, निवासी-ग्राम- घंघोला, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री संतराम, किशन सिंह, विजय पाल, ओम प्रकाश, सुन्दर, आसे, वेगराज पुत्रगण स्व० श्री मंगत, व श्रीमती सरमिला पत्नी स्व० श्री धर्मवीर, निवासी-ग्राम-मंडोला, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण


## सुरक्षित प्रसव और प्रसवोत्तर देखभाल को सुकार्य दे रही बढ़ावा

**नई दिल्ली,**18 अगस्त (देशबन्धु)। भारत में अनीमिया भगाओ देश बचाओ आंदोलन का नेतृत्व करते हुए मातृ शिशु स्वास्थ्य गैर-लाभकारी संस्था सुकार्य, दिल्ली हरियाणा और राजस्थान के गांवों व मलिन बस्तियों की महिलाओं और परिवारों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देते हुए उन तक स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाओं को पहुंचाने के लिए हस्तक्षेप कर रहा है। हालांकि देश के कई अंदरूनी गांवों और जिलों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं तक पहुंचना आज भी बहुतों के लिए आसान नहीं है, किन्तु रुरूढिवादी धारणाएं एवं पितृसत्तात्मक सोच भी प्रसवपूर्व जांच या संस्थागत प्रसव का विरोध करती हैं। एचएमआईएस 2021-22 के अनुसार, 9,22,637 प्रसव घर पर दर्ज किए गए, जिनमें से 4.7 प्रतिशत दिल्ली से रिपोर्ट किए गए। सुकार्या राजस्थान, हरियाणा के गांवों और समुदायों और दिल्ली और गुरुग्राम की मलिन बस्तियों में संवादों की मेजबानी कर रही है ताकि वे संस्थागत प्रसव, प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल, गर्भवती महिलाओं की पोषण संबंधी जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए लोगों के बीच जागरूकता और संवेदनशीलता पैदा कर सकें। हस्तक्षेप पर टिप्पणी करते हुए सुकार्या की चेयरपर्सन और संस्थापक मीरा सत्पथी ने कहा कि अनीमिया के बोझ के अलावा, भारत आज भी पितृसत्तात्मक धारणाओं से जूझ रहा है, जो कई पहलुओं में महिलाओं के वंचितीकरण को सामान्य बनाता है, फिर चाहे वो स्वास्थ्य हो या कुछ और। अपने हस्तक्षेपों के माध्यम से हम महिलाओं के लिए एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का प्रयास करते हैं जो उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचने में सक्षम बनाता है और उन्हें अपनी सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए एक सुरक्षित स्थान प्रदान करता है।


**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा,
जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. T9-1101, 11th Floor, Tower-9, Exotica Dreamville, Sector-16C, Area-85.47 Sqm., Greater Noida जो कि Mrs. Amita Kochhar & Mr. Satish Chand Kochhar & Mrs. Pooja Gupta निवासी Flat No. 2, Jai Laxmi Awas, Plot No. 59, I.P. Extn. Patparganj, Delhi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक-10.01.2018 को पंजीकृत है। Mrs. Amita Kochhar & Mr. Satish Chand Kochhar की मृत्यु के उपरान्त उनकी पुत्री Mrs. Pooja Gupta W/o Sh. Rajesh Gupta ने उक्त भूखण्ड / भवन में अपने माता / पिता के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Pooja Gupta W/o Sh. Rajesh Gupta का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** नई दिल्ली स्टेशन (चरण-2) के विकास के संबंध में 25 केवी एसी ओचई संशोधन कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2 | **अनुमानित लागत :** रु. 2,24,03,393.33/- |
| 3 | **बयाना राशि :** रु. 2,62,000/- |
| 4 | **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि :** 30.08.2023 (10.30 बजे) से 13.09.2023 (15.00 बजे तक) |
| 5 | **ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय :** 13.09.2023 (15.00 बजे) |
| 6 | **निविदा छपाई की लागत :** RRSK (29366203) |
| 7 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in |

सं.: 26-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक: 18.08.2023 2558/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार रेलगाड़ी सं. 12494/12493 हज़रत निज़ामुद्दीन- पुणे- हज़रत निज़ामुद्दीन (अब हज़रत निज़ामुद्दीन - मिरज - हज़रत निज़ामुद्दीन) दर्शन एक्सप्रेस के पुणे और मिरज के बीच विस्तारित हिस्से पर निम्नलिखित स्टेशनों पर हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन से तत्काल प्रभाव से और मिरज स्टेशन से दिनांक 20.08.2023 से अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। विस्तारित रूट पर पड़ने वाले स्टेशनों की समय-सारणी निम्नानुसार होगी:-

**12494/12493 हज़रत निज़ामुद्दीन - मिरज - हज़रत निज़ामुद्दीन दर्शन एक्सप्रेस**

| गाड़ी सं. 12494 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 12493 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:40 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 06:45 | --- |
| 18:30 | 18:40 | पुणे | 11:00 | 11:10 |
| 19:48 | 19:50 | जेजूरी | 08:43 | 08:45 |
| 21:42 | 21:45 | सातारा | 07:07 | 07:10 |
| 22:37 | 22:40 | कराड | 06:02 | 06:05 |
| 23:52 | 22:55 | सांगली | 05:02 | 05:05 |
| 01:00 | --- | मिरज | --- | 04:50 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे** आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
www.nr.indianrailways.gov.in पर विजिट करें

2573/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## जी20 शिखर सम्मेलन के लिए पूरी तरह से तैयार: दिल्ली पुलिस

### सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय जारी

**नई दिल्ली,**18 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि वे सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहे हैं और अगले महीने होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा बताया कि पुलिस ने उन कर्मचारियों को विशेष तौर पर प्रशिक्षित करने पर भी काम किया है जिन्हें शिखर सम्मेलन के दौरान तैनात किया जाएगा ताकि वे बैठक में भाग लेने वाले गणमान्य व्यक्तियों के साथ बेहतर तरीके से संवाद स्थापित कर सकें। सुमन नलवा ने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी के लिए दिल्ली पुलिस पिछले कई महीनों से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस कई महीनों से जी20 बैठक के मद्देनजर तैयारी कर रही है। इसके संबंध में प्रारंभिक योजना बहुत पहले शुरू हो गई थी और अब यह आखिरी



चरण में है क्योंकि एक महीने से भी कम समय बचा है। हम तैयार हैं और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। नलवा ने कहा कि हम तैनात किए जाने वाले कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ताकि जब भी वे किसी गणमान्य व्यक्ति, पर्यटक या मीडिया कर्मी के साथ संवाद करें, तो इस बात का खासतौर पर ध्यान रखें कि वे सांस्कृतिक रूप से भिन्नता वाले स्थानों से आ रहे हैं। दिल्ली पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि हमारी कमांडो टीम पूरी तरह तैयार है। हवाई अड्डे, ठहरने की जगह, आयोजन स्थल या जहां भी वे यात्रा करेंगे, वहां पर्याप्त व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण, यातायात, कानून-व्यवस्था, सशस्त्र बटालियन और विशेष प्रकोष्ठ सहित दिल्ली पुलिस की कई इकाइयां अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय कर रही हैं।


**उत्तर रेलवे**

G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | 1. मेसर्स मुंसिपल कार्पोरेशन सोनीपत के अनुभाग में एचएनएन-एसएनपी स्टेशन के बीच किमी. 40/19-20 पर 100 मिमी व्यास और 1300 मिमी व्यास एमएस केसिंग पाइप के माध्यम से 900 मिमी (आंतरिक व्यास) सेवारे कैरियर एमएस पाइप लाइन बिछाने का प्रावधान। एडीईएन/पीएनपी के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एसएनपी। |
| अनुमानित लागत | Rs. 27604590.82/- |
| धरोहर राशि | Rs. 288000/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोटः- एफ. डी. आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई. एम. डी. स्वीकार नहीं की जाएगी (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई- 1 /सीटी/5/1 दिनांक 31/08/2016) के अनुसार आई. आर.ई.पी. एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधी | 12 महीने |
| ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 08.09.2023 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 08.09.2023 को 15:00 बजे |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| समान प्रकार के कार्य | पाइप और बॉक्स पुसिंग तकनीक के साथ पुलों का निर्माण/भूमिगत केबल /पाइप लाइन आदि की कमाई। |

नोट- शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। **संख्याः 128- डब्लू/280/निविदा सूचना/23-24/ डब्लू -I (NIT- 34) दिनांकः 17.08.2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2560/23

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "सभी नियमित रूप से दवा खाते रहें, नियमित रूप से दवा खाने से वह बिल्कुल ठीक हो जाएंगे। साथ ही, अपने परिजनों की भी टीबी जांच अवश्य कराएं। सीएमओ ने क्षय रोगियों से निक्षय पोषण योजना के तहत हर माह मिलने वाले पांच सौ रुपए की राशि के बारे में भी पूछा और अपना मोबाइल नंबर शेयर करते हुए कहा कि कोई समस्या होने पर वह सीधे उनसे बात करें।

**डॉ. भवतोष शंखधर, सीएमओ**



■ शाह ने 4 करोड़वां पौधा लगाया

## ये पेड़ सीआरपीएफ की गाथाओं का प्रतीक माने जाएंगे : अमित शाह

**नोएडा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। गृह मंत्री अमित शाह ग्रेटर नोएडा के सुत्याना स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप सेंटर पहुंचे। यहां उन्होंने चार करोड़वां पौधा लगाया। गृह मंत्री ने कहा कि ने 4 करोड़ पौधे लगाए हैं। मैंने खुद पीपल का पौधा लगाया है। मुझे पूरा भरोसा है कि 5 करोड़ का लक्ष्य हम हासिल कर लेंगे। ये पेड़ की वीर गाथाओं का प्रतीक माने जाएंगे। आज परमवीर चक्र विजेता शहीद लेफ्टिनेंट कर्नल एबी तारापुर का जन्मदिन है, उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। भारत की सरकार ने अंडमान निकोबार के एक द्वीप को नाम एबी तारापुर रखकर उन्हें जीवित रखने का काम किया है।

कोरोना की महामारी और आपदा में अपनी जान की परवाह किए बिना सीआरपीएफ देश के लिए हमेशा खड़ी रही। गांव में मेडिकल के लिए भी सीआरपीएफ काम कर रही है। अब सीआरपीएफ पर्यावरण के लिए भी 5 करोड़ पौधे लगाकर बड़ा काम कर रही है। रक्षा से जुड़ी किसी एजेंसी का ये सबसे बड़ा काम माना जाएगा।

गृह मंत्रालय के सभी अधिकारियों ने



इसकी निगरानी की। इसको अपना कार्यक्रम माना। पौधों की रक्षा के लिए बाड़ा और पिंजरा लगाए गए। अब कई पीढ़ियों तक हम आक्सीजन देने की शुरुआत हो गई है। जिस स्तर से कार्बन डाइऑक्साइड हम जनरेट कर रहे हैं, उससे ओजोन की परत में छेद हुआ है। इससे पृथ्वी के तापमान बढ़ा है। ग्लोबल वार्मिंग के लिए हमने रिसर्च करते हुए पेड़ लगाए हैं। ऐसे पेड़ लगाए गए हैं, जिनकी उम्र 10 से 12 साल न हो। 70 से 80 साल उम्र वाले पेड़ हमने लगाए हैं। बरगद, जामुन, नीम और पीपल पेड़ को हमने चुना है। ये ज्यादा ऑक्सीजन देने वाले पेड़ हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने खुद गीता में कहा कि वृक्षों में मैं पीपल हूं। कोई भी भूमिपूजन होता है, तो शांति मंत्र पढ़ा जाता है। इसमें वृक्ष, पशुओं से लेकर अंतरिक्ष तक की शांति का संकल्प लिया जाता है। पर्यावरण की चिंता तो हजारों साल से हम करते आए हैं। पीएम मोदी ने पर्यावरण को बचाने का अगुवा भारत को बनाने का काम किया है। उन्होंने सीआरपीएफ कैंप की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। जिसमें यहां बने आठ भवन भी शामिल है। इसके बाद यहां चॉपर से नोएडा के बोटेनिकल गार्डन जाएंगे। वहां सेक्टर-1 के ए-10 स्थित कृभको भवन में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के साथ बैठक करेंगे।

इस दौरान वन नेशन वन फर्टिलाइजर स्कीम के बारे में जानकारी देंगे साथ उसकी समीक्षा भी की जाएगी। उनके आगमन को लेकर प्रशासन और प्राधिकरण स्तर पर तैयारियां हो चुकी है। यहां करीब एक घंटे रुकने के बाद दिल्ली रवाना होंगे।

### कृभको में की बैठक, पहुंचे सांसद महेश शर्मा के घर



इसके बाद वे कृभको पहुंचे। यहां बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के साथ बैठक की। और वन नेशन वन उर्वक की समीक्षा की। यहां से सड़क मार्ग से वे डॉक्टर महेश शर्मा के घर गए। उन्होंने दोपहर का भोजन किया। सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने उन्हें प्रतीक चिन्ह भेट किया। जिसने उन अटकलों पर भी विराम लगा दिया जिसमें पार्टी में डॉक्टर महेश शर्मा के कद के कम होने की बात की जा रही थी। इसके बाद वे वापस दिल्ली चले गए।

## दहशत में गई व्यक्ति की जान ग्रामीणों ने जाम किया पर्थला ब्रिज

**नोएडा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा में शुक्रवार को एक बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जिसके बाद उनके परिजनों ने शव को पार्थला गोल चक्कर में सिग्नेचर ब्रिज के नीचे रखकर दोनों तरफ की रोड को जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। इस प्रदर्शन की वजह थी, मृतक के घर के बगल में बन रहा 5 मंजिला मकान।

■ पड़ोस में बन रही थी इमारत जिससे उसके मकान में आई दरार

आरोप है कि इस पांच मंजिला मकान को अवैध रूप से बनाया जा रहा था। जिसके चलते पड़ोस में मृतक के घर में दरारें आ गई थी। दहशत के चलते 65 वर्षीय बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और मामले की जांच की जा रही है। साथ ही पुलिस ने मकान बनाने के नियमों के बारे में नोएडा अथॉरिटी को भी पत्र भेजा है और जांच करने की बात की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पर्थला खंजरपुर में सुभाष नामक शख्स पांच मंजिल मकान का निर्माण करा रहा था। जिससे संजय का मकान क्षतिग्रस्त हो गया था। इसी विवाद को देखते हुए दोनो पक्षों में 18 अप्रैल को भी झगड़ा हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की थी। पुलिस ने बताया है कि सुभाष के पांच मंजिला निर्माण की जांच के लिए थाना सेक्टर 113 से नोएडा विकास प्राधिकरण को रिपोर्ट प्रेषित की गई। जिसके आधार पर सुभाष यादव में खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उसकी गिरफ्तारी की गई है। शुक्रवार को संजय यादव के पिता राजाराम यादव (65) वर्ष की मृत्यु हो गई। जिसे लेकर संजय यादव का आरोप है कि उनके पिता



राजाराम यादव की मृत्यु आरोपी सुभाष यादव द्वारा अपने पांच मंजिला मकान के निर्माण से उनके घर में आई दरार के कारण हुई है। इस मामले में पुलिस ने सुभाष, पुत्र शेर सिंह, निवासी ग्राम पर्थला, थाना सेक्टर 113, को हिरासत में लिया है। ग्रामीणों का आरोप है लगातार पुलिस चौकी और प्राधिकरण से शिकायत करने के बाद भी उनकी नहीं सुनी गई। मौके पर एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी समेत अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे। उन्होंने स्थिति को नियंत्रण में करते हुए ग्रामीणों की बात को सुना और रास्ते को खुलवा दिया। एडीसीपी ने बताया कि ये मामला दो पड़ोसियों के विवाद से संबंधित है। मृतक परिवार के परिजनों की ओर से पहले ही शिकायत दी गई थी। जिसमें मुकदमा पंजीकृत कर दूसरे पक्ष के आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## सार संक्षेप

### जैविक खेती से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया

**बुलंदशहर।** शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव विद्यालय में नव भारत फर्टिलाइजर कंपनी की तरफ से स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रधानाध्यापिका की अध्यक्षता में आयोजित



कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें किसानों को नव भारत फर्टिलाइजर कंपनी की टीम सौरभ कुशवाहा, गुड्डू कुमार, संदीप कुमार, बच्चू सिंह, के द्वारा जैविक खेती से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया बताया गया कि रासायनिक खाद कीटनाशक किस तरह से हमारी खेती, पशु और इंसानों को नुकसान पहुंचा रहे है कृषि सलाहकार सौरभ कुशवाहा ने बताया कि हम जैविक तरीके से खेती करके खुद को और जमीन दोनों को बचा सकते है इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्या मती संतोष देवी, बबलू, सहित सभी शिक्षक गण व गांव के ग्रामीण ललित, तरुण, मूलचन्द, सर्वेश, सहित कई अन्य लोग उपस्थित हुए इस मौके पर कम्पनी की तरफ से विद्यालय के लिए कुछ उपहार भेंट किया गया।

### टेम्पो चालक की गोली मारकर हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**गाजियाबाद।** टेंपो चालक की हत्या करने को जिला जज की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामला विजय नगर थाना क्षेत्र का है। जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश चंद्र शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि राजू विजयनगर क्षेत्र के सेक्टर-11 में रहता था। वह टेंपो चलाकर अपने परिवार का गुजारा करता था। 12 अक्टूबर 2011 को माता कॉलोनी में रहने वाले जिम्मी उर्फ जमील ने पुरानी रंजिश के चलते उसको गोली मार दी। राजू को गंभीर अवस्था में अस्पताल भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले की रिपोर्ट अजय कुमार ने पुलिस में दर्ज कराते हुए जिम्मी उर्फ जमील को नामजद कराया था। पुलिस ने जमील को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। इस मामले में पुलिस ने 21 मार्च 2012 को चार्जशीट दाखिल की थी। आठ गवाह पेश किए गए। इस मामले की अंतिम सुनवाई शुक्रवार को जिला जज की अदालत में हुई। अदालत ने पेश सबूत और गवाहों के बयान के आधार पर जिम्मी उर्फ जमील को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

### चार शराब तस्कर गिरफ्तार लाखों की शराब बरामद

**गाजियाबाद।** थाना शालीमार गार्डन पुलिस एंव क्राइम ब्रांच टीम द्वारा 4 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से विभिन्न ब्रांड व धारिता के 50 नग विदेशी मदिरा, 2 पव्वे खाली इम्पीरियल ब्लू, 934 क्यूआर कोड, 45 ढक्कन नकली व दो पानी की बोतल बरामद किये हैं। एसीपी शालीमार गार्डन ने बथाना शालीमार गार्डन पुलिस एवं क्राइम ब्रांच टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर विदेशी मदिरा ठेका ताहिरपुर कट पर पिन्टू कुमार निवासी सवोली एक्सटेंशन थाना हर्ष विहार दिल्ली व मुनेश कुमार सिंह उर्फ पिन्टू सिंह निवासी ग्राम बहादुरगढ़ी पिलखनी थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ सागर महावीर निवासी दिलशाद कालोनी थाना शालीमार गार्डन तथा नरेन्द्र कुमार निवासी सवोली थाना हर्ष विहार दिल्ली को अवैध अपमिश्रित शराब बनाकर बेचते हुए गिरफ्तार किया गया।

## नगर निगम ने अभियान चलाकर हटाई सौ झुग्गियां



**गाजियाबाद,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। कवि नगर जोन में स्थित विवेकानंद फ्लाईओवर के आस पास लगभग 100 से अधिक अस्थाई झुग्गी झोपड़ियां कच्चे मकान व दुकानों को परिवर्तन दल के द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाकर हटाया गया।

अभियान के दौरान प्रवर्तन दल के प्रभारी कर्नल दीपक शरण, कविनगर ज़ोनल प्रभारी सुनील रॉय तथा समस्त प्रवर्तन दल उपस्थित रहा, स्थाई लोगों के द्वारा विरोध जताया गया जिनको प्रवर्तन प्रभारी प्रभारी कर्नल दीपक शरण तथा समस्त प्रवर्तन दल के द्वारा शांत कराकर अभियान को पूर्ण किया गया।

## 23 साल बाद बसेगा नोएडा का सेक्टर-42

**नोएडा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। 23 साल पहले नोएडा की प्राइम लोकेशन पर सेक्टर-42 को बसाने की योजना बनी। सेक्टर को आवासीय गतिविधियों के लिए नियोजित किया गया। इसका लेआउट प्लान 1997 में पास किया गया। 70 से 350 वर्ग मीटर तक के भूखंड नियोजित किए गए। लेकिन सेक्टर का विकास नहीं किया जा सका। इसकी एक बड़ी वजह केंद्रीय कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति का वाद था जो लंबे समय से न्यायालय में चल रहा था। प्राधिकरण ने बोर्ड में इसका निस्तारण कर दिया है। इस सेक्टर को हार्ट ऑफ द नोएडा की तर्ज पर बसाया जाएगा। जो इसकी भौगोलिक परिस्थिति से मिलता है। ये सेक्टर एक ओर से डीएससी रोड और दूसरी ओर सेक्टर-44, 48 और 49 है। नियोजित प्लान के अनुसार इस सेक्टर में 12, 24 मीटर की चौड़ी सड़क और 350 वर्गमीटर और 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के बड़े भूखंडों का नियोजन किया गया।

■ हार्ट ऑफ द नोएडा के रूप में होगा विकसित

■ न्यायालय में वाद की वजह से नहीं हो सका था विकास

**सेक्टर का विकास क्यों नहीं हो सका इसे समझे**

सेक्टर का ले आउट प्लान के 1997 में बना दिया गया। मास्टर प्लान-2031 के अनुसार सेक्टर में फ्लोइंग ग्रीन बेल्ट नियोजित है। इसका विकास नहीं हुआ। 1 मार्च 1997 को उच्च न्यायालय के जरिए केंद्रीय कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति ने बताया कि इस सेक्टर की भूमि (ग्राम छलैरा बांगर) सोसाइटी द्वारा खरीद ली गई है। जिसका अर्जन नोएडा प्राधिकरण ने 1987-88 में किया था। ये मामला लगातार न्यायालय में चलता रहा। इस पर समय-समय पर निर्णय लिए गए। इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने 22 सितम्बर 2022 को यह निर्देश दिया कि सोसाइटी में 844 सदस्य है। इन सदस्यों को 1800 वर्ग फीट के अपार्टमेंट की जगह दी जाए और शेष भूमि प्राधिकरण भू प्रयोग के अनुसार नियोजित कर सकती है। ऐसे में प्राधिकरण ने 210 बोर्ड में समिति को सेक्टर में भूखंड संख्या जीएच-01, 60 हजार वर्ग मीटर आरक्षित कर दिया है।

**नोएडा में नहीं बची आवासीय जमीन, ये सेक्टर देगा राजस्व**

नोएडा में आवासीय सेक्टर के लिए जमीन नहीं बची है। नोएडा प्राधिकरण को जो भूमि मिली है वो प्राइम लोकेशन की है। ये भूमि प्राधिकरण के लिए गोल्डन चांस की तरह है। प्राधिकरण ने यहां 350 से 450 वर्ग मीटर भूखंडों का नियोजन किया है। इसके अलावा सेक्टर में ग्रुप हाउसिंग, शापिंग सेंटर, स्कूल, मंदिर, पार्क का निर्माण भी किया जाएगा।

**अब जानते है सेक्टर को किस तरह से बांटा गया**

सेक्टर का एरिया रोड के अनुसार 55.5340 हेक्टेयर
विलेज आबादी और 5 प्रतिशत प्लाट के लिए 1.8750 हेक्टेयर
ग्रीन बेल्ट का एरिया 1.1000 हेक्टेयर
सेक्टर एरिया 46.2950 हेक्टेयर
मास्टर ग्रीन बेल्ट 4.8235 हेक्टेयर
नेट सेक्टर एरिया 41.4715 हेक्टेयर
रेजिडेंशियल एरिया 10.7925 हेक्टेयर
ग्रुप हाउसिंग 13.1250 हेक्टेयर
कामर्शियल एरिया .3470 हेक्टेयर
फेसिलिटेट एरिया .96 हेक्टेयर
हाइयर सेकेंड्री स्कूल 1 हेक्टेयर
टेंपल .9594 हेक्टेयर
पॉड .2664 हेक्टेयर
रोड 9.7059 हेक्टेयर
पार्क 1.9330 हेक्टेयर
विलिज डेपलेपमेंट 1 हेक्टेयर

## शिक्षविद् डॉ. माला कपूर मलेशिया में होंगी गोल्डन ग्लोब ऑइकॉन अवार्ड से सम्मानित

**गाजियाबाद,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में निरंतर अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने व सक्रिय योगदान के लिए शिक्षाविद डॉ. माला कपूर को क्वालालाम्पुर (मलेशिया) में गोल्डन ग्लोब आईकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। यूनिवर्सिटी कॉलेज एमएआइडब्ल्यूपी इंटरनेशनल की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि डॉ. माला कपूर द्वारा शिक्षा, साहित्य, कला और संस्कृति के क्षेत्र में जीवन पर्यन्त दिए गए योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। विविध क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने के लिए देश विदेश के विभिन्न मंचों से सम्मानित सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ.



माला कपूर ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधानात्मक कार्य करने वाले विभिन्न देशों के चयनित प्रतिभागियों के काम का आकलन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा किया गया है। महानगर के साहित्यकार व शिक्षाविदों ने डॉ. माला कपूर के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

गौरतलब है कि 20 अगस्त 2023 को मलेशिया की राजधानी क्वालालाम्पुर में आयोजित 'नवाचार उत्कृष्टता विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी' के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार की घोषणा के बाद डॉ. माला कपूर ने आयोजकों, अपने स्कूल के सहकर्मियों व मीडिया का आभार जताते हुए कहा कि सभी के योगदान की वजह से ही उनके काम को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार' के योग्य पाया गया है।

## डिफॉल्टर बिल्डरों के खिलाफ प्राधिकरण जारी करेगा आरसी

**नोएडा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। डिफॉल्टर बिल्डरों के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण आरसी जारी करेगा। यह निर्देश शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने ग्रुप हाउसिंग के अधिकारियों को दिए।

सीईओ डॉ. लोकेश एम ने शुक्रवार को ग्रुप हाउसिंग के अधिकारियों व 24 बिल्डर के साथ बैठक की। बैठक में 60 बिल्डरों पर प्राधिकरण का बकाया करीब 26 हजार करोड़ रुपए और खरीदारों की समस्याओं को लेकर यह बैठक हुई। बैठक में सीईओ ने साफ कहा कि जिन बिल्डरों द्वारा प्राधिकरण के बकाए का भुगतान नहीं किया जा रहा है उनके खिलाफ आरसी जारी की जाए। आरसी जारी करने के साथ-साथ बकाए के संबंध में समाचार पत्रों में भी सूचना प्रकाशित कराई जाएगी। इसके अलावा परियोजना स्थल पर बकाए का उल्लेख करते हुए बोर्ड भी लगाया जाएगा। सीईओ ने कहा कि उनके जरिए की जा रही जनसुनवाई में आए दिन सोसाइटी की इमारत की गुणवत्ता खराब होने, कार पार्किंग



■ 26000 करोड़ है बकाया

की समस्या, बेसमेंट में जलभराव, लिफ्ट खराब होने या कम होने समेत कई तरह की शिकायतें आ रही हैं। इन समस्याओं का बिल्डर अपने स्तर से तत्काल गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन पूरी हो चुकी परियोजनाओं में एओए गठित है उनमें यूपी अपार्टमेंट एक्ट 2016 में दिए गए प्रावधानों के तहत परियोजना के अनुरक्षण के लिए विधिक रूप से एओए को हस्तगत किया जाए। बैठक में सीईओ ने कहा कि निर्देश देने के बावजूद 2 महीने बाद भी सिर्फ 6 परियोजना के बिल्डरों ने ही एस्क्रो एकाउंट खुलवाए हैं। ऐसे में बचे बिल्डर हर हाल में 26 अगस्त 2023 तक खाता खुलवा लें वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## महान देशभक्त स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस को शत-शत् नमन : शर्मा

**नोएडा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' इस नारे के साथ भारत के हर व्यक्ति में देशभक्ति की भावना जगाने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 77वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नोएडा सेक्टर-22 आरडब्ल्यूए संरक्षक, ब्राह्मण रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पंडित रवि शर्मा ने नेता जी को नमन करते हुए कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस भारत के वह स्वतंत्रता सेनानी थे जो देश की आजादी की लड़ाई को भारत की सीमाओं से बाहर लेकर गए थे। ये भी हैरान करने वाली बात है कि आजादी के 76 साल पूरे होने के बाद भी इस महान क्रांतिकारी की अस्थियां भारत नहीं आ पाई हैं।

आज भी जापान के रेकोंजी मंदिर में सुभाष चंद्र बोस की अस्थियों का कलश रखा हुआ है। शर्मा ने कहा कि आज भी सुभाष चंद्र बोस की बातें जीवन में जोश भर देती हैं जैसे कि जो अपनी ताकत पर भरोसा करता है वह आगे बढ़ता है और उधार की ताकत वाले घायल हो जाते हैं। आजादी मिलती नहीं बल्कि इसे छीनना पड़ता है। अन्याय सहना और गलत के साथ समझौता करना सबसे बड़ा अपराध है। सुभाष चंद्र बोस एक महान दार्शनिक थे जिनके शब्द आज भी लोगों में नया जीवन देने का कार्य करते हैं हम भारतवासी धन्य हैं कि सुभाष चंद्र बोस का जन्म भारत में हुआ।

**कार्यक्रम** भावनात्मक व सामाजिक सहयोग के लिए यशोदा अस्पताल ने सौ क्षय रोगी और गोद लिए

## सभी क्षय रोगी अपने परिजनों की टीबी जांच अवश्य कराएं : डॉ. शंखधर

गाजियाबाद, 18 अगस्त (देशबन्धु)। यशोदा अस्पताल की ओर से 100 और क्षय रोगियों को गोद लिया गया है। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत इन सभी रोगियों को भावनात्मक और सामाजिक सहयोग के साथ पुष्टाहार उपलब्ध कराने के लिए इंदिरापुरम में ग्रीन बेल्ट स्थित गुरुद्वारे पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भवतोष शंखधर और जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. अमित विक्रम क्षय रोगियों से रू-ब-रू होने के लिए कार्यक्रम में पहुंचे थे।

उन्होंने क्षय रोगियों से हालचाल जाना और नियमित रूप से दवा खाते रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर खालसा हेल्प की ओर से क्षय रोगियों को नारियल पानी और जूस उपलब्ध कराते हुए भविष्य में क्षय रोगियों को गोद लेकर सेवा करने की इच्छा जाहिर की। सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर ने क्षय रोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी नियमित रूप से दवा खाते रहें, नियमित रूप से दवा खाने से वह बिल्कुल ठीक हो जाएंगे। साथ ही, अपने परिजनों की भी टीबी जांच अवश्य कराएं। सीएमओ ने क्षय रोगियों से निक्षय पोषण योजना के तहत हर माह मिलने वाले पांच सौ रुपए की राशि के बारे में भी पूछा और अपना मोबाइल नंबर शेयर करते हुए कहा कि कोई समस्या होने पर वह सीधे उनसे बात करें। क्षय रोगियों को डीटीओ डॉ. अमित विक्रम और वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक संजय यादव ने भी अपना मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया। यशोदा अस्पताल की ओर से गोद लिए गए सभी 100 क्षय



रोगियों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया गया। डीटीओ डॉ. अमित विक्रम ने कहा कि टीबी की दवा खाने से यदि किसी क्षय रोगी को एसिडिटी या अन्य कोई छोटी-मोटी परेशानी आती है तो खालसा हेल्प की ओर से संचालित डिस्पेंसरी से निशुल्क दवा प्राप्त कर सकता है। इस मौके पर खालसा हेल्प की ओर से मौजूद शमशेर सिंह ने बताया कि हमारी संस्था जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को गोद लेकर पोषण और जरूरी चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराती है।

### साथी फाउंडेशन ने 25 क्षय रोगियों को उपलब्ध कराया पुष्टाहार

शुक्रवार को एक बार फिर साथी फाउंडेशन से काजल छिब्बर क्षय रोगियों के बीच अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एपीएचसी), बम्हेटा पहुंचीं और 25 क्षय रोगियों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया। इनमें से 16 क्षय रोगी पिछले माह गोद लिए गए थे, उन्हें अगस्त माह का पुष्टाहार प्रदान कर फालोअप किया और नौ नए रोगियों को गोद लेकर उन्हें पहली बार पुष्टाहार उपलब्ध कराया गया। साथी फाउंडेशन वर्षों से क्षय रोगियों को गोद लेकर उनकी टीबी से लड़ाई में मदद कर रहा है। शुक्रवार को एपीएचसी बम्हेटा पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग, डॉ. अभिजीत, डॉ. कीर्ति, डॉ. रेणु और क्षय रोग विभाग से निशांत व रविंदर का सहयोग रहा। साथी फाउंडेशन और रेडिको खेतान की ओर से क्षय रोगियों को नियमित रूप से दवा खाने और पुष्टाहार का सेवन करने के लिए प्रेरित किया गया। छिब्बर ने इस मौके पर संचारी रोगों से बचाव के प्रति भी क्षय रोगियों को जागरूक किया और इस संबंध में घर जाकर अपने परिजनों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

## उप्र युवा व्यापार मंडल ग्रेटरनोएडा की कार्यकारणी का गठन

**नोएडा,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल द्वारा आज ग्रेटर नोएडा टीम का गठन किया गया। प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि आज व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए ग्रेटर नोएडा में एक सशक्त टीम का निर्धारण किया गया। पिछले दो वर्षों से व्यापार मंडल को समर्पित सचिन गोयल की व्यापार मंडल के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें ग्रेटर नोएडा का अध्यक्ष चुना गया। प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता ने नवनियुक्त अध्यक्ष व्यापारियों की रक्षा करने के लिए शपथ दिलवाई। ग्रेटर नोएडा की कार्यकारिणी घोषित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि हमें नि:स्वार्थ भाव से व्यापारी सेवा में जुटना है। यदि किसी भी व्यापारी भाई को कोई भी समस्या हो तो हमें उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करना है। प्रदेश महामंत्री निखिल अग्रवाल ने ग्रेटर नोएडा की कार्यकारिणी





■ सचिन गोयल को बनाया गया अध्यक्ष

की घोषणा की। जिसमें सचिन गोयल अध्यक्ष, नरेश गर्ग उपाध्यक्ष, पल्लव अग्रवाल महामंत्री, किशन राजपूत मीडिया प्रभारी, रवि शर्मा कोषाध्यक्ष, तेज सिंह कसाना महामंत्री, अंकित गोयल, रोबिन भाटी, जितेंद्र नागर, पंकज गर्ग, विनय जैन, प्रिंस जैन, तुषार बंसल आदि के रूप में कार्यकारिणी बनाई गई। अध्यक्ष पद की शपथ लेने के बाद सचिन गोयल ने कहा कि अब ग्रेटर नोएडा के व्यापारियों किसी भी अधिकारी से डरने की ज़रूरत नहीं है। व्यापार मंडल व्यापारियों पर किसी भी कीमत पर जुल्म नहीं होने देगा।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर और गांव अभी तक सार्वजनिक परिवहन सेवा से अछूते थे। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के सचिव ममता शर्मा ने तीन रूट पर रोडवेज बस के लिए परमिट जारी कर दिया है। जेवर एयरपोर्ट से परी चौक तक एक बस चलेगी बाद में यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ बस भी बढ़ा दी गई। **डॉ. अरूणवीर सिंह, यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण सीईओ**

## इंडिया एक्सपो सेंटर में तीन दिवसीय शो 'खिलौना' का शुभारंभ

**ग्रेटर नोएडा,**18 अगस्त (देशबन्धु)। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में खिलौना-इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर के दूसरे संस्करण का उद्घाटन शुक्रवार को

- **स्टार्ट-अप, एमएसएमई उद्यमों और क्षेत्रीय खिलौना शिल्प निर्माताओं सहित 150 से अधिक प्रदर्शकों ने लिया हिस्सा**
- **केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अपने संदेश में खिलौना व्यवसाइयों को किया प्रोत्साहित**




हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष दिलीप वैद की उपस्थिति में किया गया। इसका आयोजन हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और कपड़ा मंत्रालय, के अनुमोदन और सक्रिय सहयोग से किया जाता है। इस अवसर पर आयोजकों को दिए अपने संदेश में, भारत सरकार के केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और कपड़ा मंत्री, पीयूष गोयल ने कहा कि इस उद्योग का विकास प्रधान मंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' और दुनिया के लिए 'मेक इन इंडिया' के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह मेला हमारे खिलौना निर्माताओं, जिनमें मुख्य रूप से एमएसएमई और कुशल कारीगर शामिल हैं, को अपेक्षित बाजार लिंकेज स्थापित करके अंतरराष्ट्रीय बाजारों के साथ अपने जुड़ाव का विस्तार करने का एक विशेष अवसर प्रदान करेगा। केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश ने अपने संदेश में कहा कि भारत के खिलौने और खेल उद्योग में देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और दुनिया के लिए निर्माता बनने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने की क्षमता है। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि इस उद्योग के हितधारकों को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने और तीन दिवसीय मेले में दुनिया भर के खरीदारों के साथ जुड़ने के लिए एक उपयुक्त मंच मिल रहा है।

आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने साझा किया कि 'खिलौना क्षेत्र डिजाइन और नवाचार के मामले में बहुत पुराने और फिर भी सबसे गतिशील क्षेत्रों में से एक है। खिलौना निर्माता पारंपरिक कौशल और सामग्रियों को आधुनिक डिजाइन समझ और विनिर्माण प्रौद्योगिकियों के साथ संयोजित करने के रोमांचक तरीके तलाश सकते हैं। इस आवसर पर ईपीसीच के वाइस चेयरमैन डॉ. नीरज खन्ना, राज कुमार मल्होत्रा, पूर्व अध्यक्ष-ईपीसीएच, दिनेश कुमार, रविंदर कुमार पासी, सागर मेहता, गिरीश कुमार अग्रवाल, हंसराज बाहेती, कमल सोनी, सलमान आजम, के.एल. रमेश, ओम प्रकाश प्रह्लादका, राजेश जैन, प्रदीप मुछाला, अरशद मीर, लेखराज माहेश्वरी, सिमरनदीप सिंह कोहली, नावेद उर रहमान, सी.पी. शर्मा सदस्य-प्रशासन समिति-ईपीसीएच आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर.के. वर्मा, ईपीसीएच की प्रशासनिक समिति के सदस्यों की भी उपस्थिति रहे।

## मोटो जीपी भारत का पार्टनर बनेगा सनबर्न

- **मोटर रेसिंग ट्रैक पर पहली बार इस तरह का दिखाई देगा संयोजन**
- **मोटो जीपी में सनबर्न म्यूजिक फेस्टिवल का पहला संस्करण करेगा लॉन्च**

**ग्रेटर नोएडा,**18 अगस्त (देशबन्धु)। हाई-स्पीड मोटरसाइकिल रेसिंग की दुनिया ने दिल को रोमांचित देने वाले संगीत की बीट्स के साथ हाथ मिलाया है। मोटोजीपी भारत ने रफ्तार और संगीत का अनूठा संगम बनाने के लिए एशिया के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक नृत्य संगीत महोत्सव-सनबर्न के साथ अनूठी साझेदारी की घोषणा की है। भारत में मोटर रेसिंग ट्रैक पर पहली बार इस तरह का संयोजन दिखाई देगा।

मोटोजीपी भारत सनबर्न म्यूजिक फेस्टिवल एक यूनिक आईपी होगा, जो दर्शकों को एक एक्सक्लूसिव वीकेंड गेटवे अनुभव प्रदान करेगा। यहां फैंस को जहां खान-पान के कई विकल्प मिलेंगे वहीं रफ्तार के साथ-साथ शानदार परफार्मेंस और दिल को छू लेने वाले संगीत का आनंद मिलेगा। मोटोजीपी भारत रेस वीकेंड के दौरान फैन जोंस को विशेष रूप से क्यूरेटेड सनबर्न मोमेंट्स में बदल दिया जाएगा, जो हर लिहाज से फैंस के लिए कभी न भूलने वाले क्षणों में से एक होगा।

मोटोजीपी भारत के प्रमोटर्स-फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट के संस्थापक और मुख्य परिचालन अधिकारी पुष्कर नाथ श्रीवास्तव ने कहा कि यह अनोखा नजारा दर्शकों के लिए किसी सप्ताहांत डेस्टिनेशन से कम नहीं होगा। मोटोजीपी भारत टिकट खरीदने वाले फैंस को इलेक्ट्रॉनिक संगीत समारोह के साथ खेल का काम्बीनेशन मिलेगा। आयोजक के रूप में हम अपने देश में पहली बार होने वाली मोटोजीपी रेस को देखने आने वाले लोगों के लिए खर्च किए गए हर एक रूपए को पूरा वसूलने का मौका देने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

जैसा कि भारत अपने आतिथ्य सत्कार के लिए जाना जाता है, यह मोटोजीपी रेस पहली ऐसी जगह होगी, जहां प्रसिद्ध डीजे और संगीत बैंड के साथ फुल-फ्लेज म्यूजिक फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। मोटोजीपी भारत में लगभग 40 टीमें भाग लेंगी, जिसमें 80 राइडर्स शामिल होंगे। इन राइडर्स में मार्क मार्केज, फ्रांसेस्को बगानिया जैसी शानदार प्रतिभाओं के साथ-साथ कई अन्य प्रमुख नाम शामिल हैं। यह कार्यक्रम 22 से 24 सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होगा।

## एयरपोर्ट चालू होने से पहले बन जाएगा पशु बचाव एवं पुर्नवास केंद्र

**ग्रेटर नोएडा,**18 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर शुरू होने से पहले एनिमल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर (पशु बचाव एवं पुर्नवास केंद्र) बन जाएगा। यह सेंटर दस

- **दस हेक्टेयर में पांच करोड़ की लागत से बनेगा एनिमल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर**
- **वन विभाग के बजाय अब यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण करेगा निर्माण**

हेक्टेयर में बनेगा। वन विभाग के बजाय इसका निर्माण यमुना प्राधिकरण करेगा। इसके निर्माण करने पांच करोड़ रुपए से अधिक खर्च होंगे।

नोएडा एयरपोर्ट के आसपास काले हिरण, सारस, नील गाय आदि बहुतायत में रहते हैं। यह क्षेत्र एयरपोर्ट की परिधि में आने से उनके जीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इसके लिए वन्य जीव संस्थान देहरादून से बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन प्लान बनवाया गया था। इसमें एनिमल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर का प्रस्ताव दिया गया था। यह केंद्र दस हेक्टेयर में बनेगा। इसमें पांच हेक्टेयर जमीन यमुना प्राधिकरण और पांच हेक्टेयर जमीन वन विभाग देगा। यह जमीन सेक्टर 17ए में है। केंद्र के निर्माण पर 4.5 करोड़ और वेटलैंड के सुधार पर 90 लाख रुपए खर्च होंगे।

यह पैसा नायल के हिस्सेदारों को देनी होगी। पहले इसको बनाने की जिम्मेदारी वन विभाग को दी गई थी। गत 14 अगस्त को लखनऊ में हुई बैठक में वन विभाग के अपर मुख्य सचिव ने इस केंद्र को बनवाने की जिम्मेदारी यमुना प्राधिकरण को सौंपी है।

इस केंद्र में पशु अस्पताल, बंदर, नील गाय, काले हिरण और अन्य जानवरों के लिए अलग-अलग इनक्लोजर बनेंगे। इसके अलावा सब स्टेशन, गार्ड रूम, पानी आपूर्ति के लिए नलकूप, हट्स आदि बनाई जाएंगी। इसके रखरखाव पर हर साल 10 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। परियोजना के तहत आसपास के ग्रामीणों को सारस मित्र बनाया जाएगा।

### यमुना प्राधिकरण लाएगा मेडिकल डिवाइस के लिए भूखंड की योजना

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण तीसरी बार मेडिकल डिवाइस पार्क (एमडीपी) में भूखंडों की योजना निकालेगा। योजना में 152 भूखंड हैं। अगले हफ्ते योजना को निकाला जाएगा। अब तक इस योजना में 73 भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। यमुना प्राधिकरण सेक्टर-28 में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित कर रहा है। यह पार्क 350 हेक्टेयर में विकसित किया जा रहा है। इसमें दो बार योजना निकाली गई है। अब तक 73 भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। अगले हफ्ते निकलने वाली योजना में 152 भूखंड होंगे। इसमें चार हजार वर्ग मीटर से बड़े 117 और चार हजार मीटर से छोटे 35 भूखंड होंगे। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि अगले हफ्ते योजना निकाली जाएगी।

## जेवर एयरपोर्ट से परी चौक तक रोडवेज बस सेवा शुरू

**ग्रेटर नोएडा,**18 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक प्राधिकरण क्षेत्र में आवागमन को सुलभ बनाने के लिए रोडवेज विभाग की तरफ से बस सेवा शुरू की गई। पहले चरण में शुक्रवार को निर्माणाधीन जेवर एयरपोर्ट से परी चौक तक रोडवेज बस सेवा शुरू कर दी गई। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की तरफ से रोडवेज बस सेवा के लिए परमिट जारी कर दिया गया है। जल्द ही यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र से नोएडा तक दो और रूट पर बस सेवा शुरू की जाएगी। रोडवेज बस सेवा के परिचालन पर होने वाले खर्च को यमुना प्राधिकरण वहन करेगा। शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास कार्यालय में मुख्यकार्यपालक अधिकारी डॉ. अरूणवीर सिंह के साथ गाजियाबाद संभागीय परिवहन अधिकारी प्रमोद कुमार, सीनियर आरटीओ नोएडा डॉ. उदित, ग्रेटर नोएडा के एआरएम और क्षेत्रीय प्रबंधक एनके के साथ बैठक हुई। यमुना प्राधिकरण और परिवहन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में जेवर एयरपोर्ट से परी चौक तक एक रोडवेज बस सेवा शुरू कर दी गई। बस सुबह आठ बजे जेवर एयरपोर्ट से चलेगी और शाम पांच




- **सितम्बर में रबूपुरा से नोएडा के बॉटेनिकल गार्डन तक चलेगी बस**
- **यमुना के सेक्टर-22 डी से परी चौक, सूरजपुर होकर नोएडा बॉटेनिकल गार्डन तक चलेगी बस**

बजे परी चौक से जेवर एयरपोर्ट तक चलेगी। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के सीईओ ने बताया कि यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर और गांव अभी तक सार्वजनिक परिवहन सेवा से अछूते थे। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के सचिव ममता शर्मा ने तीन रूट पर रोडवेज बस के लिए परमिट जारी कर दिया है। जेवर एयरपोर्ट से परी चौक तक एक बस चलेगी बाद में यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ बस भी बढ़ा दी गई। सितम्बर से प्राधिकरण के सभी सेक्टर से होते हुए नोएडा तक रोडवेज बस सेवा शुरू की जाएगी। इसके लिए दो अन्य रूट भी निर्धारित कर लिया गया है।

सितम्बर से रबूपुरा से यमुना एक्सप्रेस वे के समान्तर 60 मीटर चौड़ी सड़क पर स्थित सेक्टर-21, 20, 28, सलारपुर अंडरपास, दनकौर गोल चक्कर सेक्टर-17ए, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के सेक्टर पी श्री स्थित यमुना एक्सप्रेस वे कार्यालय, परी चौक, जगत फार्म, जिला न्यायालय सूरजपुर, कुलेसरा, भंगेल होते हुए नोएडा के बॉटेनिकल गार्डन तक बस चलेगी। इसके अलावा रूट नंबर तीन पर यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-22 डी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय, सालापुर अंडरपास, 120 मीटर चौड़ी सड़क, सालारपुर-दनकौर, सेक्टर-17 ए, सेक्टर-26ए, ग्रेटर नोएडा जीबीयू विवि, यमुना प्राधिकरण कार्यालय, परी चौक, जगत फार्म, जिलाधिकारी कार्यालय, विकास भवन, सूरजपुर, कुलेसरा, भंगेल से नोएडा तक बॉटेनिकल गार्डेन तक बस सेवा शुरू होगी।

## केंद्रीय सलाहकार परिषद में नेफोवा अध्यक्ष शामिल

**ग्रेटर नोएडा,**18 अगस्त (देशबन्धु)। भारत सरकार द्वारा हाल ही में जारी राजपत्र अधिसूचना में बताया गया है कि नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार को प्रतिष्ठित केंद्रीय सलाहकार परिषद में नियुक्त किया गया है। खरीदारों के अधिकारों की निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए नेफोवा को रेरा की ड्राफ्टिंग कमिटी में शामिल किए जाने के बाद यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। एक दशक से अधिक समय से, नेफोवा ने घर खरीदारों के हितों की लड़ाई सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक लड़ी है, उनके अधिकारों की अथक वकालत की है, और रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु लगातार संघर्ष किया है। केंद्रीय सलाहकार परिषद में यह नियुक्ति देश भर में हजारों घर खरीदारों के हितों की रक्षा के लिए नेफोवा के अटूट समर्पण का प्रमाण है। इस यात्रा में अनगिनत चुनौतियों को पार पाने में हजारो लोगों की मदद, असंख्य सदस्यों के विभिन्न प्रयासों और नेफोवा सदस्यों की सामूहिक संघर्ष का अहम् योगदान है।



- **रेरा की ड्राफ्टिंग कमेटी में होगा योगदान, घर खरीदारों ने जताई उम्मीद**

अपनी स्थापना के बाद से ही नेफोवा ने रियल एस्टेट के परिदृश्य को बदलने, घर खरीदारों के अधिकारों की रक्षा करने और फ्लैट मालिकों के लिए अधिक न्यायसंगत और सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए प्रयास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नेफोवा के सदस्यों और समर्थकों ने इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि जल्दी ही पजेशन और रजिस्ट्री का मुद्दा सुलझ जाएगा।

### जमीन कब्जाने को लेकर दुकानदार पर चाकू से हमला, चार पर मुकदमा दर्ज



**दनकौर,**18 अगस्त (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के बिलासपुर कस्बे में एक दुकानदार को प्लॉट पर कब्जा करने का विरोध करने पर चार लोगों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित का पिछले कई दिनों से अस्पताल में इलाज चल रहा था। जिसने शुक्रवार को कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित अशोक का कहना है कि वह बिलासपुर कस्बे में वेल्डिंग की दुकान चलाते हैं। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने कहा है कि 3 अगस्त को वह दुकान से घर को लौट रहे थे। उसी दौरान रास्ते में बिलासपुर कस्बे के ही संजय और सतवीर समेत दो अन्य अज्ञात आरोपियों ने रास्ते में रोक लिया और मारपीट की, विरोध करने पर आरोपियों ने डंडे और चाकू से हमला कर घायल कर दिया। बाद में परिवार के लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित का कहना है कि संजय उसके प्लॉट को कब्जाना चाहता है। कई बार कब्जा करने का प्रयास किया गया है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**NAME CHANGE**

I, Priyanka Jain W/o Prashant Gupta R/o Sports Villla No 14, Bharat Gate, Jaypee Greens, Greater Noida U.P. have changed my name to Priyankka J Gupta for all future purposes.

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

### मनीष कुमार त्रिपाठी का इंडिगो एयरलाइंस में इंजी. विभाग में हुआ चयन

**ग्रेटर नोएडा,**18 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा के छात्र मनीष कुमार त्रिपाठी पुत्र शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी का चयन इंडिगो एयरलाइंस में इंजीनियरिंग विभाग में हुआ है।



अभी तक मनीष उत्तर प्रदेश में स्कूल फॉर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग कॉलेज में कोर्स ऑफ एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग का कोर्स कर रहे थे। उनकी इस उपलब्धि से उनके माता-पिता और परिवार के लोग बेहद खुश हैं। मुझे इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए जीवन में बहुत ही संघर्षों का सामना करना पड़ा। मनीष ने बताया कि मैंने अपने जीवन में इस मुकाम को हासिल करने के लिए क्लास 12वीं के बाद घर-घर जाकर ट्यूशन पढ़ाया, फिर एजुकेशन लोन लेकर इस पढ़ाई को पूरा किया। मैं अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा अपने गुरुजनों को देना चाहता हूं।

### मारपीट में 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**रबूपुरा,**18 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव रौनीजा निवासी एक युवक के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने 4 आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अनुसार रौनीजा निवासी महेश ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पुत्र पुनीत के साथ गुरुवार शाम अज्ञात लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गया था। पुलिस ने अज्ञात में मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जांच के दौरान प्रेम व यशपाल निवासी मिर्जापुर तथा हरीश व मनीष निवासी रौनीजा का नाम सामने आया था। पुलिस ने खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## संसद में आयोजित हुई हेल्थ केयर बैठक

**ग्रेटर नोएडा,**18 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली स्थित संसद में आयोजित हुई हेल्थकेयर बैठक का उद्देश्य भारत में मेडिकल और डेंटल टूरिज्म को कैसे बढ़ाया जाए। इस बैठक में भारत के विभिन्न राज्यों से आए 58 डॉक्टरों में से ग्रेनो के शारदा स्कूल ऑफ डेंटल साइंस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर नितिन भगत ने भी हिस्सा लिया। इस बैठक में गुजरात के सांसद प्रभु भाई वसावा और मिनिस्टर ऑफ स्टेट दर्शना जरदोश मौजूद रहे। बैठक के दौरान शारदा स्कूल ऑफ डेंटल साइंस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नितिन भगत ने कहा कि हमें नई तकनीक और ऐसी मेडिसिन का इस्तेमाल करना चाहिए जो आसानी से और किफायती दरों पर मिल जाए। हमें एंटीबायोटिक दवाएं का कम से कम इस्तेमाल व न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट्स प्रयोग करना चाहिए। इसके अलावा हमें सोशल मीडिया पर अच्छे तरीके प्रचार करना चाहिए, जिससे बाहर के देशों आ रहे मरीजों को कोई परेशानी न हो।



- **शारदा हॉस्पिटल के डॉक्टर शामिल**

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**प्लॉट नं0-01, सेक्टर-नॉलिज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी**
**जिला-गौतमबुद्धनगर**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की सी0ओ0पी01 आवासीय भूखण्ड योजना के अर्न्तगत भूखण्ड संख्या-ई-73, सैक्टर-आर0एच0ओ0-01, आकार-200 वर्गमीटर आंवटन संख्या-सी16186 श्री सतेन्द्र नागर पुत्र श्री बलेश्वर नागर के नाम आवंटित है। आंवटी श्री सतेन्द्र नागर पुत्र श्री बलेश्वर नागर की मृत्यु दिनांक 25.04.2021 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को वारिसान के आधार पर उनके पुत्र श्री आदित्य नागर पुत्र स्व0 श्री सतेन्द्र नागर निवासी-बी-133, सेक्टर-ओमीकॉन-02,ग्रेटर नोएडा जिला गौतबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये है। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में उक्त भूखण्ड को वारिसान के आधार पर नामांतरण श्री सतेन्द्र नागर पुत्र बलेश्वर नागर के स्थान पर उक्त भूखण्ड को उनके पुत्र श्री आदित्य नागर पुत्र स्व0 श्री सतेन्द्र नागर निवासी-बी-133, सेक्टर-ओमीकॉन-02 ग्रेटर नौएडा जिला-गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (सम्पत्ति )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा,**
**जनपद-गौतमबुद्ध नगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बिसरख जलालपुर, तहसील-दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर स्थित खसरा संख्या 671 क्षेत्रफल 14000 वर्ग मीटर (प्रतिकर प्राप्त कर चुके खातेदारों को छोड़कर अंश के अनुसार) के आबादी व्यवस्थापन/लीज बैक का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 88वीं बैठक में श्री प्रकाश, राजवीर, बालेश्वर पुत्रगण धर्मसिंह व प्रेमराज, जयवीर, मामराज पुत्रगण परमाल व बेगराज, ब्रजराज, उम्मेद, रज्जू उर्फ राजपाल पुत्रगण हरलाल व उदयवीर, तेजवीर, ओमवीर पुत्रगण धनपाल व केला पत्नी धनपाल निवासी ग्राम बिसरख जलालपुर के पक्ष में लिया गया है, जिसमें खातेदार की उम्मेद पुत्र हरलाल निवासी ग्राम मृत्यु के उपरान्त इनके वारिसान श्री सोमेन्द्र कुमार पुत्र स्व० उम्मेद सिंह व श्रीमती ज्ञानवती पत्नी स्व० उम्मेद सिंह बिसरख जलालपुर, तहसील-दादरी, जिला – गौतमबुद्धनगर के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है।

अतः इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के भूलेख अनुभाग में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

(रजनीकान्त )
विशेष कार्याधिकारी

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310**
**जिला-गौतमबुद्धनगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-पतवारी की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-पी.ए.टी.01676, भूखण्ड संख्या-40, पाकेट-ए, क्षेत्रफल-142.50 वर्ग मीटर श्री विनीत सिंह पुत्र श्री धर्मवीर, श्री धर्मवीर पुत्र श्री विद्याराम, निवासी-ग्राम-चिरोडी, जिला-गाजियाबाद, उ0प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री धर्मवीर पुत्र श्री विद्याराम की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री विनीत सिंह उर्फ विनीत सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर सिंह, श्री बाला सिंह पत्नी स्व० श्री धर्मवीर सिंह, श्रीमती नीतू सिंह (विवाहित), श्रीमती सीतू सिंह (विवाहित), श्रीमती रीतू सिंह (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री धर्मवीर सिंह, निवासी-ग्राम-पतवारी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री विनीत सिंह उर्फ विनीत सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर सिंह, निवासी-ग्राम-पतवारी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये हैं। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री विनीत सिंह उर्फ विनीत सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर सिंह, निवासी-ग्राम-पतवारी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सह आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310**
**जिला-गौतमबुद्धनगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-पतवारी की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-पी.ए.टी.01678, भूखण्ड संख्या-42, पाकेट-ए, क्षेत्रफल-142.50 वर्ग मीटर श्री विनीत सिंह पुत्र श्री धर्मवीर, श्री धर्मवीर पुत्र श्री विद्याराम, निवासी-ग्राम-चिरोडी, जिला-गाजियाबाद, उ0प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री धर्मवीर पुत्र श्री विद्याराम की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री विनीत सिंह उर्फ विनीत सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर सिंह, श्री बाला सिंह पत्नी स्व० श्री धर्मवीर सिंह, श्रीमती नीतू सिंह (विवाहित), श्रीमती सीतू सिंह (विवाहित), श्रीमती रीतू सिंह (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री धर्मवीर सिंह, निवासी-ग्राम-पतवारी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री विनीत सिंह उर्फ विनीत सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर सिंह, निवासी-ग्राम-पतवारी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये हैं। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री विनीत सिंह उर्फ विनीत सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर सिंह, निवासी-ग्राम-पतवारी, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सह आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310**
**जिला-गौतमबुद्धनगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-पतवारी की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-पी.ए.टी.01677, भूखण्ड संख्या-41, पाकेट-ए, क्षेत्रफल-142.50 वर्ग मीटर श्री विनीत सिंह पुत्र श्री धर्मवीर, श्री धर्मवीर पुत्र श्री विद्याराम, निवासी-ग्राम-चिरोडी, जिला-गाजियाबाद, उ0प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री धर्मवीर पुत्र श्री विद्याराम की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री विनीत सिंह उर्फ विनीत सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर सिंह, श्री बाला सिंह पत्नी स्व० श्री धर्मवीर सिंह, श्रीमती नीतू सिंह (विवाहित), श्रीमती सीतू सिंह (विवाहित), श्रीमती रीतू सिंह (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री धर्मवीर सिंह, निवासी-ग्राम-पतवारी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री विनीत सिंह उर्फ विनीत सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर सिंह, निवासी-ग्राम-पतवारी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये हैं। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री विनीत सिंह उर्फ विनीत सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर सिंह, निवासी-ग्राम-पतवारी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सह आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310**
**जिला-गौतमबुद्धनगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-पतवारी की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-पी.ए.टी.01679, भूखण्ड संख्या-43, पाकेट-ए, क्षेत्रफल-142.50 वर्ग मीटर श्री विनीत सिंह पुत्र श्री धर्मवीर, श्री धर्मवीर पुत्र श्री विद्याराम, निवासी-ग्राम-चिरोडी, जिला-गाजियाबाद, उ0प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री धर्मवीर पुत्र श्री विद्याराम की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री विनीत सिंह उर्फ विनीत सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर सिंह, श्री बाला सिंह पत्नी स्व० श्री धर्मवीर सिंह, श्रीमती नीतू सिंह (विवाहित), श्रीमती सीतू सिंह (विवाहित), श्रीमती रीतू सिंह (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री धर्मवीर सिंह, निवासी-ग्राम-पतवारी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री विनीत सिंह उर्फ विनीत सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर सिंह, निवासी-ग्राम-पतवारी, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये हैं। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री विनीत सिंह उर्फ विनीत सिंह चौधरी पुत्र स्व0 श्री धर्मवीर सिंह, निवासी-ग्राम-पतवारी, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सह आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# प्रादेशिकी

### तराई के गांवों में बाढ़ का कहर शुरू, बूढ़ी गंगा में चली बाढ़ की धार

**कायमगंज/फर्रूखाबाद,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। विगत कई दिनों से नरौरा बांध से छोड़े जा रहे पानी से तराई क्षेत्र में बाढ़ का पानी दिन प्रतिदिन बढ़ता नजर आ रहा है पिछले तीन दिनों से बाढ़ का पानी बूढ़ी गंगा में आना शुरू हुआ था। बढ़ते बढ़ते जल का स्तर इतना बढ़ गया कि क्षेत्र के कई गांव चारों तरफ से बाढ़ के पानी से गिर गए हैं। रविवार को नरौरा बांध से छोड़े जा रहे पानी के कारण तराई क्षेत्र से गुजर रही बूढ़ी गंगा में बाढ़ का पानी आना शुरू हो गया था। मंगलवार की देर शाम तक तराई क्षेत्र के गांव से नावली महादेवपुर पचरोली, सूखा नगला, भजी नगला, पंछी नगला आदि कई गांव की आबादी को बाढ़ के पानी से चारों ओर से घिरा देखा गया गांव ऐसे बन गए थे जैसे समुद्र के टापू हैं चारों तरफ पानी ही पानी पर किसानों की तबाही का मंजर खुली आंखों से दिखाई दे रहा था।

## उप्र में व्यापारियों के खिलाफ बिना जांच नहीं होगी एफआईआर दर्ज

**लखनऊ,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शनिवार को व्यापारियों एवं उद्यमियों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के पूर्व प्रारंभिक जांच कराए जाने की अनिवार्यता के आदेश दिए गए हैं। इसके बाद प्रदेश में उद्यमियों व व्यापारियों को परेशान करने एवं अनावश्यक दबाव बनाने के लिए आए दिन फर्जी एफआईआर दर्ज कराने की शिकायतों में कमी आएगी। अब किसी भी व्यक्ति के द्वारा व्यापारियों व उद्यमियों के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज नहीं कराई जा सकेगी। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक मामले में दिए गए निर्देश का पालन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने यह निर्णय लिया है। गौरतलब है कि प्रदेश के विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में किसी प्रकार का अवरोध न उत्पन्न हो तथा किसी भी उद्यमी, व्यापारी, शैक्षिक संस्था, चिकित्सालय, भवन निर्माता, होटल/रेस्टोरेंट इत्यादि से संबंधित मालिक तथा प्रबंधन स्तर के कर्मचारियों का किसी प्रकार से उत्पीड़न न होने पाए इसके लिए शासन योगी सरकार दृढ़ संकल्पित है। उत्तर प्रदेश में उद्यम और व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने इससे पहले भी कई सुधारात्मक कदम उठाये हैं, जिनमें प्रदेश में उद्योग धंधे लगाने के लिए 25 नई पॉलिसी मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश में लागू की गई है। मुख्यमंत्री के प्रयासों का ही नतीजा है कि उत्तर प्रदेश में देश और दुनिया के उद्योगपतियों ने 36 लाख करोड़ के निवेश का प्रस्ताव रखा है।

■ **मुख्यमंत्री ने प्रदेश के उद्यमियों के हित में लिया बड़ा निर्णय**



**उद्यमियों व व्यापारियों पर अब नहीं बनाया जा सकेगा अनावश्यक दबाव : योगी आदित्यनाथ**

### अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण कार्य का जायजा लेंगे मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अयोध्या दौरे पर रहेंगे। सीएम योगी का जनपद में दर्शन-पूजन और भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री 19 अगस्त को लगभग 11 बजे हेलीपैड राम कथा पार्क अयोध्या में पहुंचेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साकेत वासी पूज्य महंत श्रीरामचन्द्र परमहंस दास जी महाराज की समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि परिसर में दर्शन पूजन तथा मंदिर निर्माण के कार्यों का अवलोकन करेंगे। तत्पश्चात अन्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। सीएम योगी दो घंटे के अयोध्या प्रवास के बाद लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। जिलाधिकारी नीतीश कुमार के अनुसार मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर तगड़े इंतजाम किए गए हैं।

### तीज महोत्सव पर मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**मवाना,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार को नगर स्थित ए एस इंटर कॉलेज में छात्राओं एवं शिक्षिकाओं के लिए तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मेघराज सिंह, कोऑर्डिनेटर कृष्ण चंद्र, कोऑर्डिनेटर अर्चना तिवारी एवं कोऑर्डिनेटर अंजू सिंह ने सयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में छात्राओं के मध्य तीज महोत्सव पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें मतदान से संबंधित छात्राओं ने मेहंदी के द्वारा संदेश दिए छात्राओं तथा शिक्षिकाओं ने झूला झूला तथा तीज के गानों पर डांस किया। विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष पालिका चेयरमैन अखिल कुमार कौशिक ने शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने आभार व्यक्त करते हुए महिलाओं तथा छात्राओं के लिए प्रत्येक त्योहार पर अपेक्षाओं से भी अधिक सम्मान प्राप्त होता है। कार्यक्रम में हिंदी माध्यम की छात्राओं प्रथम स्थान पर अवनी, खुशी, दीपांशी, साक्षी, दूसरे स्थान पर मंत्रा, सोनिया, इंसा तीसरे स्थान पर छवि वर्मा वंशिका रहे अंग्रेजी माध्यम में वैष्णवी कीर्ति प्रथम स्थान पर राधिका अनुष्का यादव द्वितीय स्थान पर आरती व वंशिका तीसरे स्थान पर रही शिक्षिकाओं में हिंदी माध्यम में नविता व मीनाक्षी प्रथम स्वाति व वैशाली दूसरे प्रियंका वह आशा शर्मा तीसरे स्थान पर रही अंग्रेजी माध्यम में अंजू सिंह प्रथम, विभा जैन दूसरे तथा निकिता भारद्वाज तीसरे स्थान पर रही शिक्षिकाओं ने छात्राओं के संग डांस किया।

## उत्तर प्रदेश में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था से पर्यटन को मिल रहा बढ़ावा : जयवीर

**लखनऊ,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में कानून के राज का संदेश लेकर बुंदेलखंड में पांच दिन भ्रमण के बाद शुक्रवार को महिला बाइकर्स लखनऊ लौट आईं। यहां पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने उनका स्वागत किया। गोमतीनगर स्थित पर्यटन निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कहा कि प्रदेश में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की वजह से पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां का पर्यटन विकास सरकार की प्राथमिकता में है। इसलिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने में सुरक्षा व्यवस्था की बहुत बड़ी भूमिका होती है। जब लोग सुरक्षित महसूस करेंगे तो पर्यटन अपने आप बढ़ेगा। महिलाओं के बाइक भ्रमण से विश्व तक सुरक्षा का संदेश जाएगा। इससे पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि उत्तर प्रदेश, खासकर बुंदेलखंड के पास समृद्ध ऐतिहासिक विरासत है। बहुत ऐसी धरोहर हैं जिनकी लोगों को जानकारी नहीं है। अनेक माध्यम से लोगों को परिचित कराया जा रहा है। महिलाओं के भ्रमण से सकारात्मक संदेश जाएगा। बाइक भ्रमण कर लौटी स्वाति सिंह नव्या ने कहा कि प्रदेश में पूरी तरह सुरक्षा है। हम लोगों ने भ्रमण के दौरान देर रात तक बाइक चलाई लेकिन कहीं किसी प्रकार की कोई घटना नहीं हुई। अलबत्ता लोग रास्ते में सेल्फी ले रहे थे। यह इस बात का प्रमाण है कि यूपी में कानून का राज है। स्वाति ने कहा कि पर्यटन के लिहाज से यह प्रदेश संपूर्ण है।

महिला बाइकर्स प्रिया सिंह, श्वेता दुबे और फिजा फातिमा ने कहा कि बुंदेलखंड अतीव सुंदर जगह है। गौरतलब है कि प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने 14 अगस्त को पर्यटन निदेशालय से हरी झंडी दिखाकर पांच महिला बाइकर्स को बुंदेलखंड के लिए रवाना किया था। ये 15 अगस्त की सुबह रानी लक्ष्मीबाई की धरती झांसी पहुंच गईं जहां उनका भव्य स्वागत हुआ।



■ **बुंदेलखंड में सुरक्षा की अलख जगाकर लौटीं महिलाओं का पर्यटन मंत्री ने किया स्वागत**

## सार संक्षेप

### उत्तर भारत के अकादमिक समन्वयक बने प्रो. दिनेश



**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं आचार्य प्रो.दिनेश कुमार को भारतीय आर्थिक एसोसिएशन का उत्तर भारत का अकादमिक समन्वयक बनाया गया है। उन्हें उत्तर भारत में भारतीय आर्थिक एसोसिएशन की ओर से अर्थशास्त्र जगत में निति निर्धारण हेतु विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु उत्तरदायित्व प्रदान किया गया है। प्रो.दिनेश कुमार को भारतीय आर्थिक एसोसिएशन की वित्त समिति एवं समन्वय समिति का भी सदस्य चुना गया है। भारतीय आर्थिक एसोसिएशन की 106वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस 27-29 दिसम्बर 2023 को कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर में आयोजित की जायेगी। जिसमे प्रो.दिनेश कुमार की ओर से उत्तर भारत के आर्थिक जगत का प्रतिनिधित्व करेंगे स 106वी कांफ्रेंस के कांफ्रेंस प्रेसिडेंट जाधवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता के अर्थशास्त्र के वरिष्ठ आचार्य प्रो.बिस्वजीत चर्टजी होंगे।

### खंड विकास कार्यलय के सभागार में बैठक आयोजित

**मवाना।** शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक का विकास खंड के सभागार में आयोजन किया गया। बैठक में विकास खंड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। बैठक में सहायक विकास अधिकारी कृषि रविन्द्र सिंह ने किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्र, बीज, केवाईसी की विस्तृत जानकारी दी तथा सदस्यो की समस्याओ का निराकरण किया, बोरिंग टेक्निशयन अशोक कुमार ने निशुल्क बोरिंग, सोलर पंप, तथा विभाग द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी का जानकारी दी, पशु चिकित्साधिकारी ने पशुओ में विभिन्न प्रकार की बीमारियो तथा उनसे बचाव के संबध में बचाव की जानकारी दी, एडीओ पंचायत प्रदीप शर्मा ने पंचायत विभाग की शौचालय, सफाई, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन आदि योजनाओ की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक, अरूण कुमार ने गोल्डन कार्ड, परिवार नियोजन, संस्थागत प्रसव, आदि की जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी अम्बरीश कुमार ने मनरेगा, पेंशन, आवास आदि की जानकारी दी। ब्लाक प्रमुख गीता पायल ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद किया। बैठक में प्रमुख पति डा. योगेश प्रधान, एडीओ एसटी आजम प्रवेज खान, एडीओ एसके अनिल कुमार, ग्राम प्रधान दीपक कुमार, राहुल मान, सुदेशपाल, ब्रजमोहन, हरीश चौहान आदि के अलावा क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

### 23 अगस्त को होगी गेहूं-चावल की नीलामी

**मेरठ।** अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम ने बताया कि अपर जिलाधिकारी प्रशासन मेरठ के द्वारा वाद सं.-डी.201811520001493 सरकार बनाम मैसर्स कल्याणकारी कमला नेहरू उचित दर विक्रेता नगर क्षेत्र प्रथम मेरठ में पारित आदेश 05.04.2019 के अनुपालन में तथा जिला पूर्ति अधिकारी मेरठ के कार्यालय पत्रांक के क्रम में 44.50 कु. गेहूं, 5.25 कु.चावल सामान वस्तुओं की नीलामी आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा-6(2) के अंतर्गत की जानी है। उक्त नीलामी के लिए 23 अगस्त को अपरान्ह 11.00 बजे निर्धारित है।

### बास्केटबॉल व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**मेरठ,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा विभाग ने सुभारती अंतर विद्यालय बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। निशा सैनी ने उदघाटन सत्र में कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जनरल मोहन सिंह खेल मैदान में सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियों में निपुणता आती है। सुभारती विवि खेल के क्षेत्र में प्रमुखता से कार्य कर विद्यार्थियों को दक्ष बनाकर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ रहा है। प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ अनुज राज और शारीरिक शिक्षा विभाग की शिक्षक डॉ. मंजू अधिकारी, सोनिया राणा, दुर्गेश, निखिल, कपिल, एवं स्कॉलर भारतेंदु, अंकित, अनु एवं शिवानी ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## ईओ के खिलाफ सभासदों ने खोला मोर्चा

**मेरठ,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार को नगर पंचायत किठौर के अधिशासी अधिकारी के खिलाफ वार्ड के दर्जनों सभासद जिलाकारी से शिकायत करने पहुंचे। शिकायती पत्र में सभासदों का कहना था कि उनके क्षेत्र की कोई भी जनसमस्या हो या सरकारी योजनाएं जिन पर त्वरित कार्रवाई कि आवश्यकता होती है। कस्बे के किसी भी विकास कार्य के लिए कोइ भी गंभीर समस्या जैसे कोई प्रमाण पत्र, सफाई पानी की निकासी, पोल लाईट, नलकूप पानी की टंकी खराब पड़े फिज्ज शौचालयो पर लगे ताले और किसी भी प्रकार की पेंशन आदि मुददो को अधिशासी अधिकारी ब्रजवीर शर्मा के समक्ष रखते है, लेकिन तब वह निरन्तर इन सभी मुद्दों की उपेक्षा व अवहेलना करते है। सभासदों का कहना था कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा प्रोतसाहित योजनाओ जैसे स्वच्छ भारत मिशन, व अनेक सफाई व स्वच्छता से सम्बंधित योजनाये तथा जनता की हितकारी योजनाओं की अधिशासी अधिकारी द्वारा निरन्तर उपेक्षा व अनदेखी की जाती है। सभासदों ने आरोप लगाते हुए बताया कि काई व्यक्ति जब नगर पंचायत में प्रमाण पत्र बनवाने के लिये आता है तो अधिशासी अधिकारी असम्बधित कानूनों के द्वारा जैसे उसके सभी रिश्तेदार व खानदान के व्यक्तियों को ग्रह कर व जल कर पुरा जमा करने को कहते हैं। इसके अलावा प्रत्येक प्रमाण पत्र बनाने के लिए 200 रुपए की रशीद मांगते हैं।

■ **प्रमाण पत्र के लिए 200 रुपए की रसीद देने का आरोप**
■ **जिलाधिकारी से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग**
■ **गुरुवार को पंचायत कार्यालय पर धरने पर बैठे थे सभासद**



**मेरे संज्ञान में यह मामला नहीं है, ईओ व सभासदों से पक्ष के बाद ही कुछ कह सकता हूं।**
**-सलमान मुनकाद, चेयरपर्सन, नगर पंचायत किठौर**

### हैलो किसान कंट्रोल रूम की शुरूआत

**मेरठ,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। अधिशासी अभियंता मेरठ खंड गंगा नहर ने बताया क मंत्री जल शक्ति विभाग उप्र लखनऊ के निर्देशो के अनुपालन में अधिशासी अभियंता खंड गंगा नहर के कार्यक्षेत्र में आने वाले जनपद मुजफ्फरनगर/मेरठ/गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सभी किसानो की सुविधा के लिए खंड के मुख्यालय पर स्थित तारघर में हैलो किसान कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। जिसमें सुविधा हेतु 0121-2663598 दूरभाष स्थापित है। जिस पर किसान अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होने क्षेत्र के किसानों से अनुरोध किया है कि नहरो में पानी स्वीकृत कुलाबो में चलाए एवं निर्धारित औसरो के अनुसार ही सिंचाई करें।

## विजिलेंस की छापेमारी से नाराज किसानों ने थाना घेरा

**मवाना/हस्तिनापुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। विजिलेंस व बिजली विभाग द्वारा थाना क्षेत्र के गांव रानी नगंला में बिजली चोरी को लेकर की गई छापेमारी के विरोध में भाकियू ने शुक्रवार को धरने पर उतर आई। भाकियू नेताओं ने थाने में धरना देते हुए हंगामा शुरू कर दिया। भारतीय किसान यूनियन के नेताओं का कहना है कि जब तक फर्जी मुकदमे वापसी नहीं होंगे, धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव रानी नगला में विजिलेंस की टीम ने विधुत विभाग और थाना पुलिस के साथ गांव में हो रही बिजली चोरी के खिलाफ छापे मारी अभियान चलाया। कई लोगों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जा रही थी जिसकी सूचना ग्रामीणों ने भारतीय किसान नेताओं को दे दी गई मौके पर पहुंचे भारतीय किसान नेताओं ने विजिलेंस टीम के अधिकारियों को घेर लिया और हस्तिनापुर थाना पहुंच गए। भारतीय किसान यूनियन ने हंगामा करते हुए बताया कि सुबह के समय टीम का छाप गलत तरीके से किया गया। जिसमें ग्रामीणों को काफी परेशानी हुई।

भारतीय किसान यूनियन के नेताओं का कहना है कि जिन गांव के ग्रामीण व भाकियू कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ बोल रहे हैं। उन्हीं को सरकार के इशारे पर परेशान किया जा रहा है।

थाने पर हंगामें की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी अखिलेश यादव व सीओ आशीष शर्मा हस्तिनापुर थाना पहुंचे और किसानों को समझने का प्रयास किया। लेकिन भारतीय किसान यूनियन के नेता नहीं माने और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

■ **विजिलेंस ने रात में रानी नगला मैं की थी छापेमारी**
■ **मुकदमा वापस करने की मांग पर अड़े रहे किसान नेता**

### सीसीएसयू में एलक्यूशन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मेरठ,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार को चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय के मूट कोर्ट हॉल में विधि अध्ययन संस्थान द्वारा भारतीय अंतरिक्ष सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत एलक्यूशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएएलएलबी, एलएलबी (तीन वर्षीय) एवं एलएल-एम के 20 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं द्वारा अंतरिक्ष से सम्बन्धित विभिन्न विषयों भारतीय अंतरिक्ष शिक्षा प्रणाली, अंतरिक्ष और जलवायु परिवर्तन, भारतीय अंतरिक्ष शिक्षा, परिस्थितिकी तंत्र, अंतरिक्ष अनवेषण के लाभ आदि विषयों पर अपने विचार व्यक्ति किए।



प्रतियोगिता में निर्णयांक मण्डल डा.कुसुमा वती, डा.विकास कुमार व डा. सुशील कुमार शर्मा रहे। प्रतियोगिता में बीएएलएलबी की छात्रा संजीवनी गुप्ता प्रथम, रोहन स्वरूप द्वितीय एवं प्रथम वर्ष की छात्रा अमरीशा तृतीय स्थान पर रही। विभाग के समन्वयक डा.विवेक कुमार ने अपने अध्यक्षीय भाषण में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा विद्यार्थियों द्वारा अंतरिक्ष में कचरा, चन्द्रयान, एआई विषयों की सराहना की।

## डीएवी की शिक्षिका को मिला राष्ट्रीय सम्मान



**मेरठ,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त के दिन प्रत्येक क्षेत्र से विभिन्न महान व्यक्तित्वों को चयनित कर राष्ट्रीय सम्मान हेतु मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस की ओर से लाल किले में आमंत्रित किया जाता है। 2023 में सीजे डीएवी की विज्ञान विभाग की अध्यापिका सुनीता सिंह को मिनिस्ट्री ऑफडिफेंस की ओर से राष्ट्रीय सम्मान दिया गया। यह सम्मान 14 अगस्त को शिक्षा के क्षेत्र में उनके सकारात्मक सहयोग के कारण स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डॉ राजकुमार रंजन सिंह (विदेश एवं शिक्षा मंत्री) के द्वारा शॉल तथा मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन की ओर से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सुनीता सिंह ने अध्यापन के क्षेत्र में अपने सुनहरे 33 वर्ष प्रदान किए हैं। इसी उपलक्ष्य में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा शिक्षक विद्यालय नेतृत्व में उत्कृष्टता के लिए सीबीएसई सम्मान 2020-21 में सुनीता सिंह को श्रेष्ठ शिक्षिका के रूप में सम्मानित किया गया था।

**परेशानी** | *खादर के लिए आफत बनी बाढ़*

## गंगा का चढ़ता-उतरता जलस्तर, लोगों की परेशानी बढ़ी

**मवाना/हस्तिनापुर,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। गंगा जलस्तर में हो रहे उतार चढाव से खादर क्षेत्र हालात बेकाबू हो रहे हैं। लगातार डिस्चार्ज में कमी के बाद कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जलस्तर बढ़ने के साथ लोगों की मुश्किलें बढ़ रही है। हर तरफ बाढ़ लोगों की जान के लिए आफत बनी है, लेकिन सवाल यह है कि पानी छोड़े जाने की खबर अधिकारियों को भी नहीं लेकिन पहले से ही कोई इंतजाम नहीं किए गए। शुक्रवार को बिजनौर बैराज से चल रहा डिस्चार्ज जस का तस 1 लाख 41 हजार क्यूसके ही रहा।

लेकिन हरिद्वार से गंगा जलस्तर में थोड़ी वृद्धि हुई। बता दें कि खादर से होकर गुजरने वाली गंगा और सोती नदी मे पिछले 1 महीने से रौद्र रूप धारण किया है ग्रामीणों को अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है। तटबंध धराशाई होने से बाढ़ ने विकराल रूप धारण कर कई गांवों को चपेट में ले लिया था। गंगा के विकराल रूप के चलते हस्तिनापुर रामराज और मखदूमपुर मार्ग पर 3 से 4 फुट पानी भरा होने के चलते आवागमन में भारी दिक्कतें हो रही हैं। बिजनौर बैराज पर तैनात जेई पीयूष कुमार के अनुसार सोमवार को बिजनौर बैराज से गंगा नदी में चल रहा डिस्चार्ज बढ़क 1 लाख 44 हजार और हरिद्वार भीमगोड़ा बैराज 1 लाख 22 हजार क्यूसेक हो गया। गंगा जलस्तर में लगातार कमी के बाद भी खादर के हालात जस के तस बने है।

■ **बिजनौर बैराज से गंगा में 1 लाख 41 हजार क्यूसेक जल छोड़ा**



### दस साल बाद फिर देखी बाढ़ की विभिषका

ग्रामीनों का कहना है कि वर्ष 2010 के बाद 13बाद आई में बाढ की विभिषका देखने को मिली थी। देश की आजादी के बाद ग्रामीणों को बाढ का मजर देखने को मिली लेकिन 1978 के बाद खादर में 2010 और 2013 में बाढ की विभिषका देखने को मिली। जिसमें खादर के फसलों को तहस नहस कर दिया। एक बाद फिर खादर में वही हाल देखने को मिल रहा है।

#### दर्जनों जगहों से धराशाई हुई सड़कें

महीनों से गंगा के जलस्तर में चल रहे उतार-चढ़ाव के खेल से ग्रामीण परेशान है आवागन के लिए मुख्य मार्ग धराशाई हो चुके है। हस्तिनापुर चांदपुर मार्ग लतीफपुर मोड के पास चार से पांच फीट पानी बह रहा है। वही भीकुंड मोड से समीप से पुल तक तीन जगहों से कटान से चलते सड़क नदी में तबदील हो गए हैं। गंगा की तलहटी में बसे गावों में बीमार लोग फंसे होने के चलते दिक्कतें हो रही हैं। जलालपुर जोरा और किशोरपुर को जोडने वाले मार्ग भी कटान की भेंट चढ़ गया है। लोगों को इस पार से उस पार पहुचने में नावों का सहारा लेना पड़ रहा है।

#### आवागम के लिए खतरे में जान डाल रहे लोग

खादर में बाढ़ कि विभिषका झेल रहे लोग बाढ़ में फंसे हैं और खाने-पीने के सामान के अलावा दवाइयों के लिए भी तरस रहे हैं। गांव में बच्चे बुखार से तप रहे हैं और लोग चार से पांच फीट तक भरे पानी के बीच कहीं आने जाने से बेबस हैं।

ग्रामीणों की अचानक तबीयत बिगड़ने पर लोगों को कट्रोंल रूम से समर्पक करना पडता है या जान जोखिम में डालकर कटान की भेट चढ़ चुकी सड़कों को पार करने के लिए टयूबों का सहारा लेना पड़ रहा है।

### शहद उत्पादन कार्य में दिया जाएगा प्रशिक्षण

**मेरठ,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एसएल अग्रवाल ने बताया कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ के पत्र द्वारा इस वित्तीय वर्ष 2023-24 शहद उत्पादन कार्य मे प्रशिक्षित व्यक्तियों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण कराते हुए 5-5 हनीबाक्स (प्रति व्यक्ति) 20 लाभार्थीयों का लक्ष्य नि:शुल्क वितरित किए जाने का प्राप्त हुआ है। पात्र उद्यमियों, लाभर्थियों का चयन निर्धारित चयन कमेटी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी बोर्ड के वेबसाइट की ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत ऑनलाइन टूलकिटस पंजिकरण व आबंटन के नाम से 25 अगस्त तक अपलोड करना सुनिश्चित करे।

